संतोष कुमार मल्ल, भा.प्र.से.
आयुक्त
Santosh Kumar Mall, I.A.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

दिनांक : 05.09.2019

संदेश

शिक्षक दिवस के अवसर पर मैं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये केन्द्रीय विद्यालय संगठन और देश के अन्य प्रकल्पों में शिक्षा और ज्ञान की गंगा बहा रहे समस्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई देता हूं ।

यह हमारा परम सौभाग्य है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के माध्यम से हम देश की भावी पीढ़ी के शिल्पकार के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह संगठन में कार्यरत प्रबुद्ध शिक्षक वृंद के कठोर तप और परिश्रम का ही सुफल है कि आज केन्द्रीय विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थी हर मोर्चे पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह हमारे शिक्षकों की नवीन सोच और ऊर्जा का ही सत्परिणाम है कि हमारे विद्यार्थी आज न केवल शैक्षिक अपितु खेल, विज्ञान, कला एवं संगीत आदि के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा के नए मानदंड स्थापित कर रहे हैं।

इस अवसर पर मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन परिवार की दो शिक्षिकाओं श्रीमती रेवती अय्यर राजाराम और श्रीमती रेम्या पी. अय्यर को भी हार्दिक बधाई देता हूं, जिनका चयन इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए हुआ है। मेरा विश्वास है कि यह गौरवपूर्ण सम्मान हमारे अन्य शिक्षक साथियों के लिए प्रेरणास्रोत होगा ।

मैं पूर्णतः आश्वस्त हूँ कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन, राष्ट्र निर्माण की भूमिका में अपने कर्मठ साथियों के प्रयासों और योगदान से, आने वाले समय में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

एक बार पुनः शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

संतोष

(संतोष कुमार मल्ल)
आयुक्त